हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 12 अक्टूबर 2025
[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 पुल निर्माण को लेकर टेंडर फाइनल जल्द ही काम...



07 नकली उर्वरक विक्रय करने पर खाद विक्रेताओं ...



## खबर संक्षेप

### मनीष पांडे को आरपीएफ की कमान

**इटारसी।** पिछले लंबे समय से



विवादों और चर्चाओं में घिरे आरपीएफ थाना, की कमान इंस्पेक्टर मनीष पांडे को सौंप दी गई है। पूर्व थाना प्रभारी अनुराधा मिश्रा को जबलपुर अटैच किया गया है। टीआई श्री पांडे ने पदभार ग्रहण करने के बाद हरिभूमि से बातचीत में कहा कि इटारसी स्टेशन पर उनके कार्यकाल में अवैध गतिविधियां और अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पदभार ग्रहण के बाद से ही उन्होंने अवैध वेंडरिंग के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। साथ ही उन्होंने खानपान ठेकेदारों से भी स्टॉल्स पर व्यवस्थित कार्य करने की बात कही है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**पिपरिया।** बनखेड़ी में महिला पटवारी शिखा शुक्ला की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने उनके पति रामकृष्ण शुक्ला को गिरफ्तार किया है। उस पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। शिखा शुक्ला ने 29 सितंबर को अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में मानसून उपरांत शुरू हुआ 'जंगल रोमांच'

# सतपुड़ा साथियों ने रिबन काटकर खोली कोर एरिया में पर्यटकों के प्रवेश की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मानसून उपरांत शनिवार से टूरिज्म का नया सत्र प्रारंभ हुआ है। इस दौरान अधिकारियों ने पूजन कर पर्यटकों का स्वागत किया।

जिले की वैश्विक पहचान बन चुके सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की मढ़ई टूरिज्म जोन में मानसून उपरांत शनिवार से टूरिज्म का नया सत्र प्रारंभ हुआ है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा विधिवत पूजन कर रिजर्व कोर क्षेत्र में पर्यटकों को जंगल सफारी के लिए प्रवेश दिया गया है। पहले दिवस सभी जिप्सियों की बुकिंग फुल थी।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद तथा रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि 11 अक्टूबर 2025 से पर्यटकों के लिए विधिवत रूप से रिजर्व के कोर क्षेत्र को खोल दिया गया है। मानसून सत्र दौरान लगभग तीन माह तक रिजर्व का कोर एरिया पर्यटन गतिविधियों के लिए बंद रहा और शनिवार से जंगल रोमांच पुनः प्रारंभ हो गया है।



### सतपुड़ा साथियों ने काटा रिबन

असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि रिजर्व प्रबंधन द्वारा वन, वन संपदा एवं वन्यजीव संरक्षण के लक्ष्य पूर्ति के कार्य में दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए आसपास के रहवासी क्षेत्र के युवाओं को सतपुड़ा साथी की उपाधि देते हुए सम्मिलित किया गया है। सतपुड़ा साथी समूह में से दो युवतियों ने कोर क्षेत्र के प्रवेश द्वार का शनिवार सुबह रिबिन काटा और इसके साथ ही कोर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधि प्रारंभ हो गई है। लगभग 100 से अधिक पर्यटक मॉर्निंग सफारी के लिए कोर क्षेत्र पहुंचे। सभी जिप्सियों को अंकित जामोद ने हरी झंडी दिखाकर कोर क्षेत्र के लिए रवाना किया।

### शाम की सफारी में बाघ का दीदार



रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय से प्राप्त जानकारी अनुसार पर्यटन शुरू होने के पहले दिवस की मॉर्निंग सफारी में पर्यटकों को बाघ दिखाई नहीं दिए। बाकी सभी वन्य जीवों को उन्होंने दीदार किया। लेकिन शाम की सफारी में पहुंचे पर्यटक बड़े सौभाग्यशाली रहे तथा उन्होंने बाघ को बड़े करीब से देखा। राहुल उपाध्याय के अनुसार साथ जिप्सी में सवार 40 से अधिक पर्यटकों ने काफी करीब से कोर क्षेत्र में पहले ही दिवस बाघ के दीदार किए हैं।

### ये होंगे खास आकर्षण

रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय एवं डिप्टी रेंजर अनिल मालवीय ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का कोर एरिया प्राकृतिक सौंदर्य सहित वन्यजीवों की खासी उपस्थिति के लिए प्रसिद्ध है। जहां बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण, सांभर, नीलगाय, बायसन आदि पर्यटकों के लिए आसानी से दिखाई देते हैं। साथ ही ये सभी वन्यजीव पर्यटन गतिविधि दौरान आकर्षण का खास केंद्र होंगे। इसके अलावा बारहसिंगा व उड़न गिलहरी भी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में खासी संख्या में पाए जाते हैं। राहुल उपाध्याय ने बताया कि पहले दिन की मार्निंग सफारी में पर्यटकों ने जंगल में बाघ के ताजा पगमार्ग देखे।

# शांति व्यवस्था बनाने कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में अमानत खाद एवं उर्वरक के विक्रय एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई करने की निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए इटारसी स्थित निजी उर्वरक एवं खाद वितरण केंद्र चौरे ब्रदर्स के संचालक मनोज चौरे के खिलाफ अमानक एवं नकली उर्वरक के भंडारण और बिक्री के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 के तहत पुलिस थाना इटारसी में की गई। किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग के निरीक्षको द्वारा उर्वरक, कीटनाशक और बीज विक्रेता प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और गुणवत्ता परीक्षण के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों और बीजों के नमूने लिए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अमानक उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय करने पर चौरे ब्रदर्स इटारसी के प्रोपराइटर मनोज चौरे के विरूद्ध पुलिस थाना इटारसी में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उर्वरक निरीक्षक सुश्री जयश्री देशमुख द्वारा खाद-बीज की दुकानो का निरीक्षण के दौरान इटारसी में संचालित उर्वरक प्रतिष्ठान- चौरे ब्रदर्स में भंडारित उर्वरक-जिंक सल्फेट 33% (निर्माता कंपनी नेक्सस न्यूट्री साइंस लिमिटेड केरला) का नमूना लिया जाकर, उर्वरक में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा की जांच हेतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला- उज्जैन को भेजा गया था। इस जिंक सल्फेट की थैली पर उल्लेख अनुसार इसमें जिंक 33% सल्फर 15% पाया जाना था, किंतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला उज्जैन से प्राप्त रिपोर्ट में पोषक तत्व जिंक 0% सल्फर 0% पाया गया है। उपसंचालक कृषि द्वारा उक्त अमानक उर्वरक जिंक सल्फेट 33% के शेष स्कंध का जिले में भंडारण क्रय-विक्रय एवं परिवहन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया और उर्वरक व्यापारी को सुनवाई एवं अपना पक्ष समर्थन करने का पर्याप्त अवसर देने उपरांत, किसानो को नकली खाद बेचने वाले कृत्यकर्ता चौरे ब्रदर्स के प्रोपराइटर मनोज चौरे के विरूद्ध पुलिस थाना इटारसी में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के निर्देश उर्वरक निरीक्षक को दिए गए।

# पल्स पोलियो अभियान आज से, पिलाई जाएगी दो बूंद दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 12 अक्टूबर, रविवार को किया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत की मार्गदर्शन में संचालित होगा। अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के 1,51,363 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी। यह कार्य प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक जिले के सभी पोलियो बूथों पर एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी विकासखंडों में आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पोलियो वैक्सीन, रिपोर्टिंग प्रपत्र एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। अभियान के पूर्व 11 अक्टूबर, शनिवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें आमजन को यह संदेश दिया गया कि "5 वर्ष तक के हर बच्चे को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं।"

# गुप्ता ग्राउंड में लगेगा पटाखा बाजार, सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीओपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा गुप्ता ग्राउंड में फटाखा बाजार लगाया जा रहा है। जिसका निरीक्षण शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट ब्रजेंद्र रावत और एसडीओपी जितेंद्र कुमार पाठक द्वारा किया गया। साथ ही सुरक्षा संबंधित विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में गुप्ता ग्राउंड में फटाखा बाजार लगाने की व्यवस्था की जा रही है। शनिवार



को सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीओपी द्वारा निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे लगाने, दमकल चौबीस घंटे रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बनाए जाने वाले गलियारों में किसी प्रकार से दुकान न लगे इस बात का भी ध्यान रखा जाए। सुरक्षा की दृष्टि फटाखा बाजार में पार्किंग स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सिटी कोतवाली टीआई कंचन ठाकुर, नगरपालिका का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

# आईएफएस अधिकारी अभय कुमार ने खुशी सिद्दीकी का किया सम्मान, भेंट दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

जीनियस प्लानेट स्कूल के संचालक जाफर एवं मनीता सिद्दीकी की बेटी खुशी सिद्दीकी जो कि दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में बीए ऑनर्स तृतीय वर्ष की छात्रा हैं एवं दौलतराम कॉलेज के पॉलिटिकल साइंस डिपार्मेंट रिपब्लिका की मैनेजमेंट हेड हैं। खुशी को 2003 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी अभय कुमार ने स्वयं के द्वारा स्वहस्ताक्षरित गीतात्मक अंग्रेजी अनुवादित हनुमान चालीसा भेंट की।

अभय कुमार जॉर्जिया में भारतीय राजदूत के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं एवं वर्तमान में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) नई दिल्ली के उप महानिदेशक हैं। विगत दिनों दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज में आयोजित कार्यशाला जिसका



विषय था नालंदा विश्वविद्यालय का भारतीय संस्कृति में योगदान में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए थे। उन्होंने हाल ही में हनुमान चालीसा का अंग्रेजी में अनुवाद किया है।

# सीएमएचओ ने डोलरिया और मिसरोद स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मिसरोद का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दोनों संस्थाओं में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं आगामी पोलियो अभियान की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने पोलियो अभियान की सफलता हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य



कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम की लक्ष्यानुसार पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरणों के त्वरित समाधान हेतु बीएमओ को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए डोलरिया एवं मिसरोद क्षेत्र के आसपास के ग्रामों की गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को प्रेरित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ द्वारा स्टाफ की कमी की जानकारी दी गई, जिस पर सीएमएचओ ने कहा कि स्टाफ की पूर्ति हेतु राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर संस्थान में उपस्थित रहें।

# लिफ्ट गिरने से मजदूर की मौत, मर्ग किया कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

हिल स्टेशन पचमढ़ी के आर्मी कैंपस क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान लिफ्ट की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4:15 बजे हुआ। मृतक की पहचान अकल सिंह भोपा (28) के रूप में हुई है, जो सांगाखेड़ा ढाना, जिला छिंदवाड़ा का रहने वाला था। शनिवार सुबह शव का पीएम कराया गया। पचमढ़ी थाना प्रभारी अनूप उईके ने बताया कि जिस भवन में निर्माण कार्य चल रहा था, वहां मसाला और अन्य सामग्री छत पर चढ़ाने के लिए मशीन चलित लिफ्ट लगाई गई थी। हादसे के समय अकल सिंह नीचे खड़ा होकर काम कर रहा था, तभी अचानक से लिफ्ट नीचे आ गिरी और सीधे उसके सिर से टकरा गई।

टीआई ने बताया कि अकल सिंह ने सुरक्षा के लिए जरूरी हेलमेट नहीं पहना था, जिससे उसे गंभीर चोट लगी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरण के काम करवाया जा रहा था। घटना के बाद यह भी स्पष्ट हुआ कि ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# सिंधी साहित्य को भी व्यावसायिक प्रगति की तरह आगामी पीढ़ी को हस्तांतरित करें:माया नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सिंधी समाज आत्मनिर्भरता की मिशाल है जिस तरह समाज अपने व्यवसाय को अगली पीढ़ी को हस्तांतरित कर उसमें प्रगति कर रहा है उसी तरह सिंधी भाषा के साहित्य का भी गौरवशाली इतिहास है इस समृद्ध धरोहर को भी अगली पीढ़ी को हस्तांतरित किया जाना चाहिए जैसे समाज की व्यावसायिक उन्नति हो रही है उसी परिपेक्ष में साहित्य का भी प्रगति होना चाहिए। यह बात राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कौशल्या कुटी बांद्राभान में आयोजित सिंधी साहित्य अकादमी संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के चुनिंदा साहित्यकारों




के संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही। स्वागत भाषण में सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी ने कहा कि ये आयोजन सिंधी भाषा के साहित्य से युवा वर्ग को जोड़ने में महती भूमिका निभाएगा।

श्री वाधवानी ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में कुल पांच सत्र होंगे। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया,नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव,केंद्रीय हिंदी भाषा सलाहकार समिति सदस्य राजेंद्र ठाकुर साहित्यकार अशोक जमनानी, डॉ कमला गोकलानी, रश्मि रामानी, नारी लच्छवाणी आदि ने दीप प्रज्वलन कर संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# मुस्लिम विकास परिषद की पहल पर जरूरतमंद को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगर में हाल ही में मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ब्लॉक सोहागपुर की एक नई कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी का उद्देश्य गरीब परिवारों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराना, शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

इसी क्रम में शुक्रवार को मुस्लिम विकास परिषद ब्लॉक सोहागपुर के युवाओं द्वारा गांधी वार्ड क्षेत्र की एक जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन भेंट की गई। इस पहल से महिला अब सिलाई मशीन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आजीविका चलाने में सक्षम होगी। बताया गया कि यह महिला बेहद गरीब तबके से ताल्लुक रखती है और अपने पति के साथ गांधी वार्ड क्षेत्र में एक छोटे से कमरे में रहती है। महिला का पति मिस्त्री का काम करता है और आज भी उनके घर में बिजली का कनेक्शन नहीं है। कमेटी ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही इस परिवार के लिए बिजली का मीटर भी लगवाया जाएगा, ताकि उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा सके। कमेटी के डॉ. जोएब अली ने बताया कि यह संस्था आपसी सहयोग और चंदे के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की सहायता करती है।

साथ ही छात्रों को शिक्षा में मार्गदर्शन देती है और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्यरत है। कमेटी के निजामुद्दीन खान द्वारा नगर के प्रबुद्धजनों से उक्त कमेटी में जुड़ने की अपील की गई है, ताकि और भी जरुरतमन्द परिवारों की मदद की जा सके।

## पैरेन्टस मीटिंग के साथ-साथ दीपावली के उपलक्ष्य में हुए आयोजन

# द चैम्प्स फन स्कूल में पालकों ने लिया तोरण एवं ज्वेलरी मेकिंग वर्कशॉप में भाग, बनाईं अनेक आकर्षक वस्तुएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में शनिवार अर्धवार्षिक परीक्षा की पैरेंट्स–टीचर मीटिंग पैरेन्टस मीटिंग का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षकों से अपने बच्चों की प्रगति के बारे में चर्चा की और उनके शैक्षणिक विकास के संबंध में उपयोगी सुझाव भी प्राप्त किए।

इसी अवसर पर विद्यालय द्वारा दीवाली के उपलक्ष्य में एक विशेष "तोरण एवं ज्वेलरी मेकिंग वर्कशॉप" का भी आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी



ने मिलकर रंग-बिरंगे कागज़, मोतियों, लेस और सजावटी सामग्री से आकर्षक तोरण व सुंदर ज्वेलरी तैयार की। इस रचनात्मक गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में कलात्मक सोच, रचनात्मकता और पारंपरिक कला के प्रति रुचि विकसित करना था। वहीं अभिभावकों की सहभागिता ने बच्चों के आत्मविश्वास और सीखने की प्रक्रिया को और भी रोचक बना दिया। वर्कशॉप के अंत में बच्चों ने अपनी बनाई हुई वस्तुएँ गर्व से घर लेकर गए। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण उत्साह, रचनात्मकता और सीखने की खुशी से भरा रहा।

प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने बताया कि हम प्रतिवर्ष बच्चों को दीपावली के त्यौहार के पूर्व घर सजाने के लिए रचनात्मक कौशल विकास हेतु वर्कशॉप का आयोजन करते हैं। द चैम्प्स फन स्कूल परिवार के लिए यह दिन न केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतीक रहा, बल्कि माता-पिता और बच्चों के बीच स्नेह व सहयोग के सुंदर संबंध का भी प्रतीक बन गया। वर्कशॉप की प्रभारी सुश्री अक्षिता दीवान एवं श्रीमती संध्या यादव रही और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के योगदान के साथ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपूर्ण हुआ।

# अमृत योजना में काम करने वाला मजदूर मिट्टी में दबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में अमृत योजना की पाइपलाइन बिछाने के दौरान बड़ा हादसा हुआ। जेसीबी से खुदाई करते समय मिट्टी धंसने से एक मजदूर करीब 10 फीट नीचे जा गिरा। उसके ऊपर मिट्टी गिरी, जिसमें मजदूर दब गया था। साथ में काम कर रहे अन्य साथी उसे बचाने में जुट गए। करीब आधे घंटे के भीतर उसे सुरक्षित निकाल लिया गया। आधे घंटे तक मजदूर दर्द से तड़पते रहा।

शहर में अमृत योजना के तहत पेयजल की लाइन और सीवरेज लाइन डालने का कार्य दो साल से जारी है। शनिवार को शहर के मीनाक्षी से आईटीआई रोड पर काम जारी है। शाम 5 बजे मिट्टी धंसने से युवक गड्ढे में जा फंसा। जिससे अफरा तफरी मच गई। लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। आधे घंटे में उसे



बाहर निकाला जा सका। उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

सीवरेज लाइन और अमृत योजना की पाइपलाइन बिछाने में मजदूर की फंसने की तीसरी घटना है। पिछले साल नन्द विहार कॉलोनी में मजदूर की मौत हो गई। 3 महीने पहले रसूलिया कंचन नगर में मजदूर दबा था। जिसमें वो घायल हो गया था।

### करबला पर बनेगा 100 मीटर लंबा और 18.50 मीटर चौड़ा पुल

# पुल निर्माण को लेकर टेंडर फाइनल जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर को भोपाल, इंदौर फोरलेन के साथ परतवाड़ा मार्ग से जोडऩे वाला करबला पुल का काम अब जल्द शुरू होगा। पुल निर्माण को लेकर टैंडर हो चुके है।

करीब 10 करोड़ से बनने वाले इस पुल का ठेका बैतूल की किलेदार कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। दरअसल अभी यहां अंग्रेजों के जमाने का बना पुराना पुल है, जो संकरा और इस पुल की ऊंचाई काफी कम है। जिसके कारण बारिश में अक्सर बाढ़ आने से आवागमन रुक जाता है। लेकिन पुल निर्माण के बाद न केवल बैतूल-इंदौर मार्ग पर यातायात सुगम होगा, बल्कि बारिश के दिनों में लोगों को जाम और हादसों से भी राहत मिलेगी। करीब दो साल पहले माचना नदी पर ऊंचा पुल बनाने की स्वीकृति मिल चुकी थी। हालांकि, बजट आवंटन और टेंडर प्रक्रिया में समय लगने से यह काम शुरू नहीं हो सका। लगभग एक साल तक फाइलें अटकी रहीं और अब जाकर यह ठेका दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में लगभग डेढ़ से दो साल का समय लग सकता है। बता दे कि इस पुल से ही हरदा, इन्दौर, परतवाड़ा सहित स्थानीय रास्तों पर आवागमन किया जाता है। इसीलिए यह पुल बेहद महत्वपूर्ण है।

## बैतूल-इंदौर मार्ग पर यातायात सुगम होगा

### 100 मीटर लंबा और 18.50 मीटर होगा चौड़ा

नया पुल लगभग 100 मीटर लंबा और 18.50 मीटर चौड़ा होगा। नदी तल से इसकी ऊंचाई 12 मीटर रखी गई है। पुल टू-लेन होगा ताकि वाहनों का निर्बाध आवागमन हो सके। बताया गया कि पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए विधायक हेमंत खंडेलवाल ने पीडब्ल्यूडी और सेतु विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल के साथ-साथ करबला से पहले पडऩे वाली छोटी पुलिया को भी परियोजना में शामिल करने के निर्देश दिए थे। बताया गया कि पहले स्वाइल टेस्टिंग की जाएगी, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद पुल का ड्राइंग और डिजाइन तैयार होगा। इसके बाद ही ठेकेदार निर्माण कार्य शुरू कर पाएगा।

### करीब सौ साल से ज्यादा पुराना है यह पुल

करबला के पास माचना नदी पर अंग्रेजों के जमाने का बना आर्च ब्रिज मौजूद है। यह पुल करीब सौ साल से भी ज्यादा पुराना है और अब काफी जर्जर हो चुका है। इस पुल की सबसे बड़ी समस्या इसकी कम ऊंचाई है। हर साल बरसात में नदी उफान पर आती है और पानी पुल के ऊपर से बहने लगता है। इसके अलावा बारिश में बाढ़ के दौरान लोगों के बहने से मौत भी हो चुकी है। 22 जुलाई 2014 को इस पुल से एक युवक बाइक सहित बह गया था। वहीं 2016 को एक वाहन पुल के नीचे गिर गया था। इसके अलावा एक युवक भी संकरे पुल से नीचे गिर गया था। वहीं 22 मई 2024 को एक बोलेरो बिना रेलिंग के पुल से नीचे गिर गई थी। इसके बाद भी कई लोग बाढ़ आने पर पुल पार करने का प्रयास करते है और अपनी जान गवां देते है।

### इनका कहना है

करबला स्थित माचना नदी पर पुल निर्माण का ठेका हो चुका है। अभी एग्रीमेंट मेरे पास नहीं आया है। जिससे अभी यह नहीं बता पायेगे कि पुल कितने समय में बनकर तैयार होगा। पुल 100 मीटर लंबा और 18.50 मीटर चौड़ा रहेगा।

- गिरीश हिंगवे, एसडीओ, ब्रिज कारपोरेशन बैतूल

### फायर ब्रिगेड की तत्परता से

## पाथाखेड़ा के एरिया हॉस्पिटल पाथाखेड़ा में लगी भीषण आग



**सारनी।** शनिवार 11 अक्टूबर को सुबह 10.46 बजे वेकोलि पाथाखेड़ा के एरिया हॉस्पिटल के मेल वार्ड में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मप्रपाजकलि सारनी के अग्निशमन सेवा विभाग मौके पर पहुंचा। अग्निशमन अधिकारी जगदीश शेंडे ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी और अनुमति प्राप्त कर फायर टेंडर सहित दल को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया। जब अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा, तब तक आग मेल वार्ड के भीतर रखे बेडों में फैल चुकी थी। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि शॉर्ट सर्किट के कारण वार्ड के एक बेड में आग लगी, जो धीरे-धीरे पास रखे अन्य बेडों तक फैलने लगी थी। दल ने सुझबूझ और तत्परता से कार्यवाही की। दरवाजा तोडक़र अंदर प्रवेश किया गया और प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों के साथ-साथ फायर टेंडर की होज लाइन बिछाकर आग पर नियंत्रण पाया गया। 1 घंटे 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया।

### धम्म दीक्षा दिवस एवं वर्षावास दिवस आज

**बैतूल।** पंचशील बुद्ध विहार समिति और बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार पंचशील बुद्ध विहार में पूज्य भंते दीपांकर जी के सानिध्य में संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम जिसमें जिले से बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे पंचशील धम्म ध्वज फहराने के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात रैली, बुद्ध वंदना, परित्राण, भगवान बुद्ध के उपदेशों का वाचन, धम्म दीक्षा और पूज्य भंते जी द्वारा बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं को धम्म देशना दी जाएगी। जिसमें धम्म के मूल सिद्धांतों एवं सम्यक जीवन शैली पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पूज्य भंते जी को धम्मदान दिया जाएगा। समिति ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## लोक सेवा केंद्र में हो रही अनियमितताओं की किसानों-ग्रामीणों ने की शिकायत

### प्रदेश भाजपाध्यक्ष खंडेलवाल ने कलेक्टर को दिए निर्देश

**बैतूल।** लोक सेवा केन्द्र बैतूल में व्यापक पैमानें पर हो रही अनियमितताओं और लापरवाही को लेकर किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल से शिकायतें की है। श्री खण्डेलवाल नें जिसे गंभीरता से लेकर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को लोक सेवा केन्द्र बैतूल की गहन जांच पडताल करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने कलेक्टर को निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आम जन को निर्धारित समय सीमा में लोक सेवा केन्द्र से विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों एवं किसानों द्वारा लोक सेवा केन्द्र बैतूल में सेवाओं का लाभ समय सीमा में नहीं मिलने,लोक सेवा केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत करनें के 15 से 20 दिन बाद आवेदन अपलोड होनें ,वहॉ के कर्मचारियों द्वारा अक्सर सर्वर डाउन होने की बात कर देर से आवेदन अपलोड करनें सहित अन्य अनियमितताओं की शिकायत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल से की थी। शासन की मंशानुरूप लोक सेवा केन्द्रों से आमजन को विभिन्न सेवाओं का लाभ मिलनें में हो रही परेशानी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष,बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें गंभीरता से लेकर बैतूल कलेक्टर को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। श्री खण्डेलवाल नें कलेक्टर को निर्देशित किया कि लोक सेवा केन्द्र बैतूल की गहन जॉच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

आमजन को लोक सेवा केन्द्रों से समय सीमा में सेवाओं का लाभ दिलवानें के लिए लोक सेवा केन्द्रों की सतत मॉनीटरिंग के लिए एक अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए। जिससे लोक सेवा केन्द्रों के कामकाज मे पारदर्शिता बनी रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि शासन की मंशा आमजन की समस्या एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करनें की है।

### धोखाधड़ी मामले में था फरार

## वन समिति की हो गई राशि गबन डिप्टी रेंजर बालाघाट से गिरफ्तार

**बैतूल।** बैतूल में वन सुरक्षा समिति की राशि गबन और धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे डिप्टी रेंजर गोविंद वासनिक को बीजादेही पुलिस ने बालाघाट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पहले वन विकास निगम के रामपुर भतोड़ी प्रोजेक्ट में तैनात था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। गोविंद वासनिक के खिलाफ थाना बीजादेही में मामला दर्ज किया गया था। उस पर आरोप है कि उसने वन सुरक्षा समिति माटीगढ़, चूनाहजूरी और रामपुर भतोड़ी के खाते से नियमों की अवहेलना करते हुए लाखों रुपये गबन किए। आरोपी ने अपने पद का गलत इस्तेमाल करके यह धोखाधड़ी की। घटना के बाद आरोपी का खंडवा जिले में तबादला कर दिया गया था। प्रोजेक्ट मैनेजर ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में थी। बालाघाट से गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उ.नि. इरफान कुरैशी, उ.नि. रवि शाक्य (थाना चोपना), एएसआई मुलायम सिंह, एएसआई वर्मा, एएसआई जी.पी. बिल्लौरे, प्रधान आरक्षक देवी प्रसाद, आरक्षक मिथिलेश और आरक्षक ऋषिराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना बीजादेही पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अन्य सह-अभियुक्तों की तलाश और दस्तावेजी जांच का काम अभी जारी है।

## चित्रकला में दिखाए हुनर, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



चित्रकला से व्यक्ति में कौशल उभरता है इस प्रतियोगिता में किसानों की उन्नति को दिखाने का प्रयास किया गया है वर्तमान समय में जिस तरह से किसान अधिक उत्पादन के लालच में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कर रहें हैं जिसका दुष्परिणाम हमारे स्वास्थ्य पर साफ दिख रहा है। आने वाली पीढ़ी भी इससे नहीं बच पाएगी।

इन केमिकल्स की अधिकता को रोकने के उद्देश्य को लेकर व सही तरीके से किसान खेत जैविक खाद का उपयोग कर फसल की उर्वरता बढ़ाने का संदेश देने के लिए ढोंडवाड़ा स्कूल में चित्रकला के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें बच्चों ने बताया कि केमिकल के अधिक इस्तेमाल से धरती बंजर होती जा रही है और एक समय ऐसा आएगा कि यह ग्लोबल वार्मिंग का भी यह एक कारण होगा। सहभागिता करने वाले छात्रा श्रेया माकोड़े, लक्ष्मी आहके, सृष्टी खाड़े, अमन कवड़े, अदिति सलामें की उत्कृष्ट चित्रकला के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। बीएएसफ इंडिया लिमिटेड के विशाल राउत, शिक्षक मदनलाल डढोरे व केसी पवार ने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान से ग्रामीण अंचल में किसानों का रुझान कम से कम केमिकल्स उपयोग की ओर बड़ेगा। इस अवसर पर दिनेश कुभांरे शरद तोमर,संस्था प्राचार्य मीना डंडारे प्रीति बाला माकोड़े, अशोक कुमार इवने, कैलाश पवार, हेमलता चौधरी, योगेन्द्र कुमार मेहरा, डॉ.कलावती हारोड़े, महेन्द्र पंवार, ताहिर बानो, आशा अरोरा, राजेन्द्र कुमार बेले, शारदा माथनकर, जाग्रति भावसार, पूनम काले, जयदेव डोंगरे, मदनलाल डढोरे, होसीलाल उइके, प्रदीप पौंड्रिक, अशोक पवार, संदीप पांडे,राजु गंगारे, केसी पवार, सुभाष सातनकर, विनीता ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## रेत, गिट्टी और डस्ट के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 डंपर और 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनि अमले के साथ जिले के शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, आमला क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन, उत्खनन, भंडारण की रोकथाम के लिए आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 11 अक्टूबर 2025 को घोड़ाडोंगरी क्षेत्रान्तर्गत 01 डम्पर क्रमांक एमएच 40 सीटी 3976 को गिट्टी, डस्ट के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर पुलिस चौकी घोड़ाडोंगरी एवं 01 ट्रेक्टर कमांक एमपी 48 ए 7231 को पुलिस थाना सारणी की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं शाहपुर क्षेत्र में 02 ट्रेक्टर बिना नम्बर सोनालिका एवं फार्माट्रेक को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर वाहन मालिक की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसी प्रकार आमला क्षेत्रान्तर्गत 01 ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 7393 को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर पुलिस थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। उक्त वाहनों के वाहन चालकों, वाहन मालिकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मध्यप्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

## विधायक ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### जिले के 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक

**बैतूल।** राष्ट्रीय सघन पल्स-पोलियो अभियान के तहत 12 अक्टूबर को 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को सभी बुथों पर पोलियो की खुराक दी जाएगी। जिसकी जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 11 अक्टूबर को आयोजित रैली को विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया गया। रैली कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्रारंभ होकर अम्बेडकर चौक, पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, लल्ली चौक से होते हुए नगर पालिका परिसर पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विधायक प्रतिनिधि डॉ अशोक बारंगा की उपस्थिति रही।




विधायक हेमंत खंडलेवाल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत से पोलियो जैसी बीमारी से हम सम्पूर्ण निजात पा चुके हैं, किन्तु विश्व के कुछ भागों एवं हमारे कुछ पड़ोसी देशों में अभी भी वाइल्ड पोलियो वायरस का संक्रमण जारी है, जिससे खतरा बना हुआ रहता है। भारत सरकार द्वारा इसको दृष्टिगत रखते हुये मध्यप्रदेश के चयनित 18 जिलों में एक अतिरिक्त पल्स पोलियो अभियान का चरण 12 अक्टूबर 2025 को रखा गया है। पोलियो वायरस का संक्रमण हमारे प्रदेश में न हो सके इसके लिये आवश्यक है कि 0 से 5 वर्ष तक के शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स-पोलियों अभियान का शुभारंभ 12 अक्टूबर 2025 को जिला चिकित्सालय बैतूल के एमसीएच भवन में प्रातः 8 बजे किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने जानकारी देते हुए कि प्रथम दिवस, बूथ पर एवं दूसरे एवं तीसरे दिन 13 और 14 अक्टूबर 2025 को घर-घर 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जिले में 0 से 5 वर्ष तक के अनुमानित कुल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियों की खुराक दी जाएगी।

### बैतूल में 15 अक्टूबर को होगा क्लस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**बैतूल।** बैतूल जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और युवाओं में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से आगामी 15 अक्टूबर 2025 को पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में क्लस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 10 बजे किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके तथा मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए सांसद कार्यालय, बैतूल में 11 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संसदीय क्षेत्र के नोडल अधिकारी सुबोध शर्मा ने की। बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील, जिला खेल अधिकारी धर्मेंद्र पवार, तथा केके कहार की उपस्थिति में आयोजन से संबंधित तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद खेल महोत्सव के सुचारू संचालन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो आयोजन स्थल, प्रतिभागियों की सुविधा, खेल सामग्री, सुरक्षा एवं प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। सांसद खेल महोत्सव में बैतूल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के दनोरा, बडोरा, खंडारा, भोगीतेडा, खडला, मलकापुर, टेमनी, बरसाली ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, रस्साकसी, पि_, बास्केटबॉल, योगासन आदि में भाग लेंगे। यह आयोजन युवाओं को खेल भावना, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देगा।

## दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का सजीव प्रसारण और कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के पूसा से पी.एम. धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया। इसी के साथ कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया गया।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा कृषक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुधाकर पंवार, विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र शुक्ला पार्षद बृजेश वर्मा, कृषक राजकुमार वर्मा, कमलेश राठौर, विक्की राठौर, माधोराव मानकर एवं जनपद सदस्य श्री अर्जुन धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.



एसके तिवारी द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं पौध भेंट के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्री सुधाकर पंवार ने कृषकों को वैज्ञानिक सलाह के अनुसार उर्वरक और रासायनिक दवाइयों का संतुलित उपयोग करने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने की प्रेरणा दी, जिससे लागत में कमी और भूमि की उर्वरता बनी रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी का सजीव उद्बोधन भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने कृषि क्षेत्र के लिए नई योजनाओं एवं परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। पूर्वाह्न सत्र में केन्द्र के वैज्ञानिक आरडी बारपेटे ने कृषकों के साथ कृषि की वर्तमान चुनौतियों एवं तकनीकी समाधान पर परिचर्चा की।

इसमें कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषि प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें सतपुड़ांचल एफपीओ जयराम गायकवाड़ एवं रामकिशोर कहार ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव वर्मा द्वारा किया गया एवं आभार मेघा तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि डॉ. आनंद कुमार बड़ोनिया एवं सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकी विभाग डॉ. प्रमोद कुमार मीणा, संजय जैन, डॉ. एम.पी. इंगले, नेपाल बारस्कर, सौरभ मकवाना, आर.एस. यादव सहित कुल 368 कृषक उपस्थित रहे।

## चांद का दीदार होते ही खिला चेहरा, महिलाओं ने पति के हाथों से पानी पीकर खोला करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत नगर की महिलाओं ने बड़े ही श्रद्धा और पारंपरिक आस्था के साथ रखा। दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद महिलाओं ने शाम को भगवान शिव-पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। नगर के माता मोहल्ला बीजादेही रोड स्थित शंकर मंदिर में महिलाओं ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा की।



महिलाओं ने साज-सज्जा कर पारंपरिक परिधान पहने, हाथों में मेहंदी रचाई और पूजा की थाली सजाई। चंद्रमा के दर्शन के बाद चलनी से चांद और फिर पति का मुख देखकर व्रत खोला गया। इस अवसर पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कई घरों, मोहल्लों और मंदिरों में पूजा-पाठ एवं कथा-वाचन का आयोजन हुआ। पूजा के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सौभाग्य की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। करवा चौथ के मौके पर पूरे नगर में भक्ति और प्रेम का सुंदर संगम देखने को मिला। पारंपरिक रीतियों के साथ यह पर्व देर रात तक उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। महिला भावना तिवारी ने कहा, हर साल करवा चौथ का व्रत रखती हूँ। यह व्रत हमारे सुहाग और परिवार की खुशहाली का प्रतीक है। वहीं रीना राठौर ने बताया, चांद देखने के क्षण सबसे विशेष होते हैं। जब पति गिलास से पानी पिलाते है, तो लगता है जैसे हर मनोकामना पूरी हो गई।

**500 किलो चांदी**

## 13 को लगेगा आरी में दुग्ध समृद्धि शिविर

**माखन नगर**। किसानों एवं पशुपालकों के लिए 13 अक्टूबर को 2:00 बजे ग्राम पंचायत भवन आरी में दूध समृद्धि योजना का शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें पशु विभाग के अधिकारी किसानों एवं पशु पालकों को योजना की जानकारी देंगे।

## सोहागपुर में निशुल्क नेत्र शिविर आज

**सोहागपुर**। जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज तथा हॉस्पिटल भोपाल के सौजन्य से निशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण शिविरों का आयोजन किया जाता है। सोहागपुर में शिविर आज रविवार 12 अक्टूबर 2025 को होगा। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर व नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि 12 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक यह नेत्र शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहागपुर में होगा। जिसमें मोतियाबिंद की जाँच, मोतियाबिंद ऑपरेशन व कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण टांका रहित एवं फेको पद्धति द्वारा कराने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कम्प्यूटर द्वारा चश्मे के नंबर की जाँच, कांच बिन्दु की जाँच एवं उपचार, नासूर की जाँच एव ऑपरेशन, भेंगेपन की जांच एवं ऑपरेशन, आँखों के पर्दे की जाँच व उपचार सुविधा भी होगी। मरीजों को अपने साथ आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड या वोटर कार्ड की छायाप्रति अवश्य लाना होगा। इनके अभाव में मरीज का ऑपरेशन करना संभव नहीं होगा। आवास, भोजन, जांच सहित ऑपरेशन व दवाईयों की निःशुल्क व्यवस्था की जायेगी।

### सांसद चौधरी ने कहा केंद्रीय बजट में नर्मदा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता

# नकली उर्वरक विक्रय करने पर खाद विक्रेताओं पर हुई एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अमानत खाद एवं उर्वरक के विक्रय एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई करने की निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए इटारसी स्थित निजी उर्वरक एवं खाद वितरण केंद्र चौरे ब्रदर्स के संचालक मनोज चौरे के खिलाफ अमानक एवं नकली उर्वरक के भंडारण और बिक्री के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 के तहत पुलिस थाना इटारसी में की गई।

किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग के निरीक्षको द्वारा उर्वरक, कीटनाशक और बीज विक्रेता प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और गुणवत्ता परीक्षण के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों और बीजों के नमूने लिए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अमानक उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय करने पर चौरे ब्रदर्स इटारसी के प्रोपराइटर मनोज चौरे के विरूद्ध पुलिस थाना इटारसी में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उर्वरक निरीक्षक सुश्री जयश्री देशमुख द्वारा खाद-बीज की दुकानो का निरीक्षण के दौरान इटारसी में संचालित उर्वरक प्रतिष्ठान- चौरे ब्रदर्स में भंडारित उर्वरक-जिंक सल्फेट 33% का नमूना लिया जाकर, उर्वरक में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा की जांच हेतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला- उज्जैन को भेजा गया था। इस जिंक सल्फेट की थैली पर उल्लेख अनुसार इसमें जिंक 33% सल्फर 15% पाया जाना था, किंतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला उज्जैन से प्राप्त रिपोर्ट में पोषक तत्व जिंक 0% सल्फर 0% पाया गया है। उपसंचालक कृषि द्वारा उक्त अमानक उर्वरक जिंक सल्फेट 33% के शेष स्कंध का जिले में भंडारण क्रय-विक्रय एवं परिवहन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया और उर्वरक व्यापारी को सुनवाई एवं अपना पक्ष समर्थन करने का पर्याप्त अवसर देने उपरांत, किसानो को नकली खाद बेचने वाले कृत्यकर्ता चौरे ब्रदर्स के प्रोपराइटर मनोज चौरे के विरूद्ध पुलिस थाना इटारसी में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के निर्देश उर्वरक निरीक्षक को दिए गए। उर्वरक निरीक्षक द्वारा प्रकरण में गत दिवस पुलिस थाना इटारसी में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 0798/2025 दर्ज किया गया है।

इसी प्रकार उर्वरक निरीक्षक डॉ. राजीव यादव द्वारा खाद-बीज की दुकानो का निरीक्षण के दौरान सिवनी मालवा में संचालित उर्वरक प्रतिष्ठान- शुभ एग्रो में भंडारित उर्वरक-जिंक सल्फेट 33% का नमूना लिया जाकर, उर्वरक में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा की जांच हेतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला. किस्टल आइ.टी.पार्क के सामने रिंग रोल चौराह इन्दौर( म.प्र. ) को प्रेषित किया गया था। इस जिंक सल्फेट की थैली पर उल्लेख अनुसार इसमें जिंक 33% सल्फर 15% पाया जाना था, किंतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला किस्टल आइ.टी.पार्क के सामने रिंग रोल चौराह इन्दौर( म.प्र. ) से प्राप्त रिपोर्ट में पोषक तत्व जिंक 2.82% सल्फर 13.89% पाया गया है। उपसंचालक कृषि द्वारा उक्त अमानक उर्वरक जिंक सल्फेट 33% के शेष स्कंध का जिले में भंडारण क्रय-विक्रय एवं परिवहन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया और उर्वरक व्यापारी को सुनवाई एवं अपना पक्ष समर्थन करने का पर्याप्त अवसर देने उपरांत, किसानो को नकली खाद बेचने वाले कृत्यकर्ता शुभ एग्रो सिवनी मालवा के प्रोपराइटर नितिन रघुवंशी पुलिस थाना सिवनी मालवा में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के निर्देश उर्वरक निरीक्षक को दिए गए।

उर्वरक निरीक्षक द्वारा प्रकरण में शनिवार को पुलिस थाना सिवनी मालवा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है।



### सोहागपुर एसडीएम ने भी कार्रवाई

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में खाद-उर्वरक के सुचारू वितरण सुनिश्चित करने हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निरंतर भ्रमण कर निजी उर्वरक केंद्रों के नियमित निरीक्षण कर अमानक एवं नकली खाद की रोकथाम के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर सुश्री प्रियंका भलावी के नेतृत्व में संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा सोहागपुर क्षेत्र की निजी खाद एवं उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल में तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान शिवाय ट्रेडर्स, सोहागपुर में विभिन्न अनियमितताएं पाई गईं। दुकान पर संस्थान का नाम प्रदर्शित करने हेतु बोर्ड नहीं लगा था तथा स्टॉक जांच हेतु **POS** मशीन उपलब्ध नहीं थी। रिकॉर्ड में दैनिक रिपोर्ट के अनुसार 8.19 मीट्रिक टन यूरिया दर्ज था, जबकि मौके पर 25.20 मीट्रिक टन यूरिया पाया गया। विक्रेता द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिए जाने पर संस्थान से खाद विक्रय पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है एवं दुकान संचालक को नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार भाग्यश्री ट्रेडिंग कंपनी, करनपुर का निरीक्षण किया गया, जहाँ दैनिक रिपोर्ट में विक्रय मात्रा शून्य दर्ज थी।

## संघ के स्वयंसेवकों ने बोरना गुर्जर में निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नजदीकी ग्राम बोरना गुर्जर मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विभाग बौद्धिक प्रमुख प्रवीर नायक ने अपने उद्बोधन में संघ की 100 वर्ष की यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 1925 में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने जब संघ की शुरुआत की थी तब कोई नहीं जानता था की शाखा के 1 घंटे में खेल समता योग आदि के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर लेगा और इन 100 वर्षों की संघर्ष यात्रा का परिणाम आपके सामने है जो आज इस छोटे-से गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आज इस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों स्वयंसेवकों के मध्य अपने विचार रखते हुए मन में अपार संतुष्टि एवं प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

पथ संचलन में 50 से भी अधिक स्वयंसेवकों ने कदमताल मिलाते हुए गांव का भ्रमण किया ग्राम वासियों ने अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया पथ संचलन में खंड संघचालक संदीप महेश्वरी जिला सेवा पमुख नरेंद्र पटेल घनश्याम गोस्वामी बोरना मंडल कार्यवाह रंजीत पटेल सहित आसपास के ग्रामों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पथ संचलन आज

सोहागपुर। शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष का प्रथम पथ संचलन आज निकाला जाएगा। संघ की स्थानीय इकाई से प्राप्त जानकारी अनुसार आज रविवार दोपहर 3:30 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित देनवा गार्डन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित होंगे। इसके बाद नगर के मुख्य मार्गो से पथ संचलन निकाला जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में होने वाले आयोजनों अंतर्गत सोहागपुर शहरी क्षेत्र में प्रथम पथ संचलन है। अतः अधिक से अधिक संख्या में स्वयंसेवकों से पथ संचलन के ऐतिहासिक क्षण के सहभागी होने की अपील स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा की गई है। साथ ही अपेक्षा की गई है कि एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक पथ संचलन में सहभागिता कर इसे सफल बनाएं।

## सेवा भारती महिला मंडल और छात्रावास समिति की हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सेवा भारती मध्यभारत द्वारा नर्मदापुरम जिले के लिए सेवा भारती की जिला समिति, महिला मंडल समिति एवं छात्रावास समिति की घोषणा की गई है। यह महत्वपूर्ण गठन एक महत्वपूर्ण बैठक में किया गया। नवीन कार्यकारिणी की घोषणा सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया ने सर्वप्रथम स्वागत भाषण दिया। इसके बाद, प्रांत कोषाध्यक्ष राज नारायण अग्निहोत्री ने सेवा भारती के सेवा कार्यों से सभी उपस्थितों को अवगत कराया। सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की और साथ ही सेवा भारती द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना भी की। सेवा भारती जिला समिति जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश ताम्रकार, डीएस डांगी, आशुतोष शर्मा, जसवंत पटेल, श्रीमती निकुंज लता गुरु, जिला सचिव लक्ष्मण बेस, सह सचिव लोकेश साहू, संयुक्त सचिव, पवन अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष आनंद पारे, सेवा भारती जिला महिला समिति संयोजिक श्रीमती कीर्ति दुबे, सह संयोजक शिवानी शर्मा, रेखा मालवीय, निर्मला राय, सेवा भारती छात्रावास समिति अध्यक्ष विजय संतुलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पटेल, सचिव सोनू बिंद्रा, सह सचिव डॉ रविंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल को नियुक्त किया।

## चंद्र दर्शन कर पति की लंबी आयु की कामना



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

कार्तिक माह की चतुर्थी को करवा चौथ का त्यौहार मनाया जाता है जिसका हर सनातनी परिवार को वर्ष भर इंतजार रहता है जिसमें महिलाएं निर्जला व्रत एवं 16 श्रृंगार करती है चंद्रदर्शन कर अपना व्रत पूर्ण करती हैं पति- की लंबी आयु की कामना करती हैं करवा चौथ के व्रत एवं चंद्रमा की पूजा का आयोजन वर्मा स्वतंत्रता सेनानी परिवार के दीपक वर्मा के यहां किया गया ।

## बीकोर स्वयं सेवक मंडल ने निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर खंड माखन नगर के मंडल बीकोर में पथ संचलन निकाला गया जो ग्राम के मुख्य मार्गो से होता हुआ वाटिका में पहुंचा यहां पर स्वयं सेवकों के साथ पंच परिवर्तन पर असीम गुप्ता का बौद्धिक उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया।

## शहीद भगत सिंह कालेज में हुआ 3 दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन, विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह कालेज में तीन दिवसीय युवा उत्सवका आयोजनकियागया है। कॉलेज केपचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के निर्देशनमे तथाडा क्टर अनिता सेन ने आयोजन किया।इस कार्यक्रम में 22 प्रतियोगिताओंका आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालयके छात्र-छात्राओं केसाथ शिक्षकों ने भी उत्साह पूर्वकभाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्टप्रदर्शन किया एकल समूह नृत्य वाद्य वादन सुनाया गया। रंगोली ममिक्री मुंह का अभिनय पोस्टनिर्माण करें माडलिग प्रश्न मंच सुगम एकल गायन वादविवाद आदि कार्यक्रम शामिल रहे कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## करवा चौथ व्रत में 2 परंपराओं का है समावेश



पिपरिया। करवा चौथमे दो परंपराओं का पवेश बहुत ज्यादा तेजी से हुआ है। एक तोचद्रमा को छलनी में देखना तथा अपने पति का मुख भी छलनी में देखना एवं पति के साथ से जल पीकर ब्रत खोलना। जबकि हमेशा देखा था कि घर की महिलाएं घर के आंगन में पूजा करके पूजा छतों इकट्ठी होती थी। उगते चंद्रमा अर्ध देकर दूसरे बड़ों के चरण स्पर्श करने केबा अकेले में पति के पैर छुती थी।अब गूगल पर सर्च कर चंद्र दर्शन किए जाते हैं। तथा कहानीसुनी जाती है। इस तरह से प्रत्येकपरिवार के लिए एक त्यौहार हो गया है।

## पिपरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत बालिकाओं को कानूनी जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनिल चौधरीके द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकार संरक्षण हेतु पचमढ़ी रोड थाने का भ्रमण कराया गया।

रवीश बोहरे ने महिला डेस्क आरक्षक द्वारा बालिकाओं को उनके अधिकारी और संरक्षण के संबंधी कानूनी जानकारी दी तथा उसके उपयोग और सावधानियां समझाएं बालमित्र योजना के संबंध मे जानकारी दीवायर लेंस थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे की उपयोगिता एवं उनके स्टाफ के संबंध में जानकारी दी बैंक मैनेजर के द्वारा बालिकाओं कोबैक में खाता चालूं कराने की जानकारी दी गई।

### सरस्वती शिशु मंदिर से शिक्षा का सफर शुरू करके यशस्वी बनी प्रशासनिक अधिकारी

# स्कूल ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद




समीपस्थ ग्राम बहारपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में अपनी प्रारंभिक शिक्षा और एवं संस्कारों में पली बढ़ी यशस्वी मीना ने पढ़ाई पूरी करके मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया और उनका चयन सहायक संचालक वित्त के पद पर हुआ।

अपनी इस यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए यशस्वी ने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा अपने ही ग्राम बहारपुर के सरस्वती शिशु मंदिर मैं हुई शिशु मंदिर की शिक्षा और संस्कार एवं विद्यालय के गुरुजनों के आशीर्वाद से नवोदय विद्यालय की परीक्षा में प्रथम सफलता प्राप्त हुई नवोदय विद्यालय से 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त करके इंदौर से स्नातक और स्नातकोत्तर की परीक्षा वाणिज्य विषय में उत्तीर्ण की पिता राजकुमार मीना ने भी अपने पढ़ाई के समय में सिविल सेवा की परीक्षा दी थी सफलता प्राप्त नहीं हुई तो उन्होंने मेरे जीवन का लक्ष्य मुझे दिया और मैं अपने पिता के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर मैंने सिविलसेवा परीक्षा मैं सफलता प्राप्त करना अपनेजीवन का लक्ष्य बनाकर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी करके मैं प्रथम प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंची परंतु सफलता प्राप्त नहीं हुई दूसरी बार पुनः परीक्षा देकर मुझे सफलता प्राप्त हुई इसका श्रेय मेरे दादाजी डालचंद जी मीना मेरे पिता राजकुमार मीना सरस्वती शिशु मंदिर के संस्कार और मेरे गुरुजनों का है।

यशस्वी मीणा की सफलता पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर, सरस्वती शिशु मंदिर सेमरी हरचंद एवं यशस्वी के गृह ग्राम के सरस्वती शिशु मदिर बहारपुर मैं मैं उनका सम्मान किया गया। उनके सम्मान समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर के प्राचार्य हरिसिंह ठाकुर एवं उनके समस्त साथी सरस्वती शिशु मंदिर सेमरी हरचंद में ग्राम भारती जिला प्रमुख महेंद्रसिंह चौहान, जिला सचिव केवल राममलवीय, शिशु मंदिर के संयोजक देवेश शर्मा समाजसेविका स्मिता तोमर , विद्यालय की प्रधानाचार्य मेघा मेहर एवं ग्राम की मातृशक्ति के साथ विद्यालय की दीदियां, सरस्वती शिशु मंदिर बाहरपुर में प्रधानाचार्य श्याम सुंदर कुशवाहा विद्यालय परिवार तथा ग्राम वासी उपस्थित रहे

## कृषि संसार प्रतिष्ठान ने किया किसानों का सम्मान, लाभकारी योजनाएं भी बताई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत क्षेत्र के किसानों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी,एस,की, वर्ष 2017 मे लागूं की थी। पर अब जी,एस,टी 22/9/25 से कुछ कम कर दी है तो मोदी सरकार इसमें भी जी,एस, टी उत्सव मना रहीं हैं।

इसके लिए खाद, वितरणके प्रतिष्ठान पर कंपनी के लोग किसान मजदूर को एकत्रित कर एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। तहसील चौराहे पर कृषि संसार प्रतिष्ठान पर कंपनी ने आयोजन किया गया है। जिसमें बताया गया कि किसान को सम्मानित कर राष्ट्रीय निर्माण किया गया है।42000करोड की राशि कृषि परियोजना का उपहार के नाम से दिएजाने का आश्वासन दिया है।पी,एम,धन धान्य कृषियोजना दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभांरभ एवं कषि अब संरचना कोश पशुपालन मत्स्य पालन और खाद्यप्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजना का उदघाटन एवं शिलान्यास समारोह में शामिल कर लाईव दिखाया गया।इस दौरान संचालक जयदीप सिंह पटेल, अभिषेक तिवारी, सहित कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों एवं किसान मजदूर संघ के लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### भावांतर नीतियों के विरोध में पुतला फूंका

**हरदा।** आम किसान यूनियन ने शुक्रवार को अबगांव खुर्द में सरकार की भावांतर नीतियों के विरोध में भावांतर का पुतला फूंका। किसान हरनाथ चोयल, द्वारका गुर्जर ने बताया किसानों के विरोध के बाद भी सरकार भावांतर योजना में सोयाबीन की खरीदी के लिए पंजीयन करा रही है। किसान इसका विरोध करते हैं। हमें यह झुनझुना नहीं चाहिए। समर्थन मूल्य जब सरकार तय करती है तो खरीदी में क्या परेशानी है। पिछले साल भी खरीदी की थी। वहीं अतिवृष्टि, पीला मोजेक से जिले में नष्ट हुई फसलों का तत्काल सर्वे कर बीमा-मुआवजा दिया जाए, 2018 की भावांतर की बकाया राशि जल्द से जल्द किसानों को प्रदान की जाए, खाद की किल्लत दूर करें, आवारा मवेशियों को गोशाला में छोड़ा जाए। पुतला दहन किसान राहुल दुकतावा, सुरेश कुड़िया, कैलाश गोल्या, कैलाश करोड़े, मुरलीधर गुर्जर समेत अन्य ने सोई सरकार को जगाने का प्रयास किया।

### आज निकलेगा पथ संचलन

**हरदा।** आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर आज 12 अक्टूबर को पथ संचलन आयोजित होगा। यह संचलन शहर की 12 बस्तियों से शाम 4 बजे शुरू होगा। आरएसएस के जिला कार्यवाह गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्वयंसेवक पथ संचलन की प्रैक्टिस कर रहे थे। स्वयंसेवक गणवेश में अनुशासन के साथ कदमताल करेंगे। बस्तियों के पालक और प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

### पत्नी की हत्या, दोषी पति को उम्रकैद

**हरदा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने एक फैसले में पत्नी को पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास करने वाले पति चंदू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही आरोपी पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह मामला बेटे को थप्पड़ मारने से रोकने पर पत्नी पर हमला करने का है। जिला लोक अभियोजक संजय गौर के अनुसार, घटना छीपाबड़ थाना क्षेत्र के कमताड़ी गांव की है। 21 वर्षीय रेखा अपने पति चंदू और तीन साल के बेटे राज के साथ खेत में बनी झोपड़ी में रहती थी। दोनों की शादी करीब चार साल पहले हुई थी। घटना 28 दिसंबर 2023 की रात करीब 9 बजे हुई। चंदू ने अपने बेटे को थप्पड़ मारा। जब रेखा ने उसे रोकने की कोशिश की, तो चंदू नाराज हो गया और जान से मारने की नीयत से पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। रेखा पास ही बने पानी के हौद में कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रही। घटना के बाद रेखा सुभाष काका के घर गई और पूरी आपबीती बताई। पुलिस ने रेखा को हरदा अस्पताल में भर्ती कराया और चंदू के खिलाफ मामला दर्ज किया। जांच पूरी होने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। सुनवाई में चंदू को दोषी पाया गया और उसे आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

# जगदीश विश्वकर्मा बने अध्यक्ष, शैलेन्द्र जोशी को सचिव की कमान

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए हैं। इसमें जगदीश विश्वकर्मा अध्यक्ष और शैलेंद्र जोशी सचिव चुने गए हैं। अजय राजपूत ने सह सचिव का पद हासिल किया है। मतगणना के बाद अन्य पदों पर भी विजेताओं की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में जगदीश विश्वकर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रेवाराम पटेल को 48 मतों से हराया। विश्वकर्मा को 134 मत मिले, जबकि पटेल को 86 मत प्राप्त हुए। अन्य उम्मीदवारों में हरिमोहन शर्मा को 77 और रंजना भारद्वाज को 51 मत मिले। सचिव पद के त्रिकोणीय मुकाबले में शैलेंद्र जोशी ने जीत दर्ज की। उन्हें सर्वाधिक 148 मत मिले और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नितिन स्थापक (105 मत) को 43 मतों से पराजित किया। रामचंद्र सोनी को 78 मत प्राप्त हुए।

### माला पहनाकर सम्मान

सह सचिव पद पर अजय राजपूत ने विनोद नागले को 30 मतों से हराया। अजय राजपूत को 145 मत मिले, जबकि विनोद नागले को 115 मत प्राप्त हुए। रजत शर्मा 80 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कोषाध्यक्ष पद पर विजय कोठारी ने अमित कैथवास को 36 मतों से पराजित किया। ग्रंथपाल के पद पर अकलेश भाटी ने अजय पारे को 139 मतों के बड़े अंतर से हराया। अकलेश भाटी को 236 मत मिले, जबकि अजय पारे को 97 मत प्राप्त हुए। कार्यकारिणी की महिला सदस्य के लिए आरक्षित पद पर नंदिनी शर्मा ने अदिति दुबे को 77 मतों से पराजित किया। कार्यकारिणी के चार पुरुष सदस्यों के लिए धर्मेंद्र पिपलोद को सर्वाधिक 239 मत मिले। अन्य विजयी सदस्यों में नारायण तिवारी को 203 मत, लखन बामने को 190 मत और विनोद शर्मा को 173 मत प्राप्त हुए। प्रमोद राठौर को 112 मत मिले। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल बिल्लोरे ने परिणामों की घोषणा की।






## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में जिले के 3711 पशुपालकों से किया संपर्क

# गृह भेंट कर पशु पोषण, स्वास्थ्य व प्रजनन के संबंध में दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिये में प्रदेश के साथ ही हरदा जिले में भी ह्यदुग्ध समृद्धि संपर्क अभियानह्ल का संचालन किया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि इस महत्त्वपूर्ण अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) के उन्नत तरीकों के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान पशु पालन विभाग के अमले द्वारा पशु पालकों को व्यक्तिगत रूप से गृह भेंट कर जीवंत संवाद स्थापित किया गया। अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में उपस्थित जनसमुदाय को अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर किया गया था।

उप संचालक डॉ. रामटेके ने बताया कि अभियान के तहत विभाग के अधिकारी, पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं मैत्री कार्यकर्ताओं ने जिले भर में घर-घर जाकर पशुपालकों से व्यक्तिगत संपर्क (गृह भेंट) किया। अभियान के दौरान पशु पालन विभाग के अमले ने हरदा जिले के कुल 3711 पशु पालकों से सीधा संपर्क कर उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशु पालकों को पशु पालन की आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे वे आवश्यकता अनुसार उनका उपयोग कर पशु पालन को आर्थिक रूप से लाभकारी बना सकें। ह्यदुग्ध समृद्धि संपर्क अभियानह्लह्ल के प्रथम चरण में जिले के उन पशुपालकों से संपर्क किया गया, जिनके पास 10 या 10 से अधिक गाय एवं भैंस वंश के पशु हैं।

अभियान के दौरान सरल सहज और स्थानीय भाषा का उपयोग करते हुए पशुपालकों की मान्यताओं को जानने और समझने एवं लाभकारी पशु पालन हेतु पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) की उन्नत तकनीकों से उन्हें अवगत करने पर बल दिया गया।अभियान की सतत पर्यवेक्षण के लिए राज्य स्तर से वरिष्ठ अधिकारीयों को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं थी। इसी अनुक्रम में संयुक्त संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग डॉ. एस. के. परनाम एवं राज्य स्तर से हरदा जिले के लिए नामांकित नोडल अधिकारी डॉ मीनाक्षी शर्मा ने जिले का दौरा किया।

## अखंड सुहाग का प्रतीक का पर्व

# करवाचौथ पर महिलाओं ने चांद देखकर खोला व्रत



**हरदा।** अखंड सुहाग और वैवाहिक प्रेम का प्रतीक पर्व करवा चौथ पूरे शहर और ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही विवाहित महिलाएं पूजा सामग्री सजाकर निर्जला व्रत रखने में व्यस्त रहीं। उनके चेहरे पर उत्साह, भक्ति और पति के प्रति प्रेम साफ झलक रहा था। दिनभर निर्जला रहने के बाद संध्या में महिलाएं सोलह श्रृंगार कर चंद्रमा के उदय का बेसब्री से इंतजार करती रहीं। शहर के प्रमुख मंदिरों, कॉलोनियों और सामाजिक स्थलों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। महिलाएं पारंपरिक गीत गा रही थीं, दीपों की रोशनी और गीतों की मधुर ध्वनि से माहौल भक्तिमय हो उठा। रात 8 बजे के बाद जब बादलों के बीच चांद नजर आया, तो हर छत, आंगन और गलियों में खुशियों की लहर दौड़ गई। महिलाएं चलनी से पहले चंद्रमा और फिर अपने पति का मुख देखकर अर्घ अर्पित कर व्रत पूरा करती रहीं। पति के हाथों से जल ग्रहण और मिठाई खाने का दृश्य प्रेम और विश्वास की अनुभूति कराता रहा। ग्राम सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में शुक्रवार को करवा चौथ पर महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखकर शाम को भगवान गणेश का पूजन किया। यह पूजन महिलाओं ने कई जगह सामूहिक रूप से किया तो कई जगह घरों में ही भगवान गणेश की पूजा विधि-विधान से की गई। कथा सुनकर पूजन आरती कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया गया।

## प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की जांच की



**हरदा।** शनिवार को सिराली में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान ओम स्वीट्स से पेड़ा, बादाम पेड़ा, खोपरा लड्डू व बादाम रोल, गुरु कृपा मिष्ठान भंडार से नमकीन, मगद लडडू, गुड़पट्टी व खोपरा लड्डू, जय भवानी रेस्टोरेंट से बेसन लड्डू, मावा पेड़ा, मावा बर्फी, गुड़पट्टी, बादाम रोल, चॉकलेट बर्फी, मिल्क केक, जलेबी इत्यादि खाद्य पदार्थों व मिठाईयों के सैंपल लेकर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में चेक किया गया। इसके अलावा गोपाल जी फूड से मावा तथा घी के सैंपल लिए गए जिनको स्टेट फूड टेस्टिंग लैब भेजा जायेगा, रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। श्री कांबले ने बताया कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए ये किराना दुकान, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान इत्यादि सभी प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले, केमिस्ट चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला हेमंत कीर, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन संपन्न

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 2025 के तहत हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के उद्देश्य को साकार करने के लिए पंधाना में विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक छाया गोविंद मोरे और भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस स्थानीय उद्योगों और स्वदेशी उत्पादों के सशक्तीकरण पर रहा। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में कदम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण और आत्मगौरव का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब देशवासी अपने क्षेत्र में निर्मित वस्तुओं को अपनाएंगे, तो किसानों, कारीगरों और उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

### स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना राष्ट्र सेवा के समान

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना राष्ट्र सेवा के समान है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। वहीं, विधायक छाया गोविंद मोरे ने कहा कि ह्लस्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि देशभक्ति का परिचायक है।ह्व उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला जन आंदोलन है, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए मजबूत आर्थिक नींव तैयार करेगा। सभा में मौजूद नागरिकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि अब हर घर स्वदेशी बनेगा और प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम स्थल पर हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के नारे लगातार गूंजते रहे। कार्यक्रम में स्वदेशी अभियान के प्रभारी अमर यादव, जीएसटी विषय प्रभारी त्रिलोक पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष फ़क़ीरचंद कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष सुखदेव पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। सम्मेलन का संचालन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।


## स्लैम द स्कैम्स साइकिल रैली का आयोजन, हरी झंडी दिखाई



**खंडवा।** सीडीएसएल निवेशक सुरक्षा कोष और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के संयुक्त तत्वावधान में स्लैम द स्कैम्स शीर्षक से साइकिल रैली का आयोजन अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल में किया गया। रैली में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शेयर बाजार में होने वाले वित्तीय घोटालों, धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। यह रैली सेबी स्मार्ट्स प्रशिक्षक और सीडीएसएल के संसाधन व्यक्ति अनिमेष उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। रैली की शुरुआत शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर सोसायटी सदस्य पूजा प्रज्ञान गुप्ता, प्राचार्य जसमीत साहनी, समाजसेवी सुनील जैन, प्रबंधक सतीश पटेल सहित विद्यालय का संपूर्ण शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सिविल लाइन स्टेडियम और पुलिस अधीक्षक निवास चौराहा होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारों से अपराधों से सतर्क रहने का संदेश दिया।

### शरीर पर धारदार हथियार के निशान हैं

# भैंस कारोबारी की नहर किनारे हत्या, खून से सना शव मिला



**खंडवा।** जिले में एक भैंस कारोबारी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खून से लथपथ शव सनावद मूंदी रोड स्थित ग्राम मसलाय के पास नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर नहर किनारे मिला। शव की पहचान मोघट थाना क्षेत्र में रहने वाले 32 वर्षीय शाहरुख उर्फ बाबा पिता सल्लू के रूप में हुई है। वह शहर में भैंस का कारोबार करता था। घटना की सूचना मिलने पर करौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के निशान हैं। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शाहरुख की हत्या बुधवार को ही कर शव को नहर किनारे फेंका गया। शाहरुख चार दिन पहले बुधवार को बांगरदा में लगने वाले मवेशी बाजार के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह करीब 9 बजे पुलिस को नहर किनारे शव मिलने की सूचना मिली। शाहरुख की बाइक घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर सुलगांव रोड पर एक ईंट-भट्ठे के पास मिली है।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत खेल गतिविधियों का हुआ आयोजन

# 10 ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा



सांसद खेल महोत्सव के तहत शनिवार को विकासखंड हरदा के संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंडिया में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि 10 ग्राम पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं में खो खो कबड्डी रस्साकसी लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ एवं तैराकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में हायर सेकण्ड्री स्कूल हंडिया, पीएमश्री विद्यालय हंडिया तथा ग्राम खेड़ीनीमा, मांगरोल, नयापुरा, काकड़दा, सालिया खेड़ी की टीमों ने प्रतिस्पर्धा में सहभागिता की।

खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच लखन लाल भिलाला, उपसरपंच शरण तिवारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त टीम विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेगी। इस दौरान रस्सा कसी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में पी एम श्री हंडिया तथा बालक वर्ग में हायर सेकेंडरी हंडिया, कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 14 में माध्यमिक स्कूल कांकड़दा व अंडर 17 हायर सेकण्ड्री नयापुरा व बालिका वर्ग में हायर सेकण्ड्री स्कूल माँगरुल, खो-खो बालक वर्ग अंडर 14 में माध्यमिक विद्यालय कांकड़दा तथा बालिका वर्ग में पी एम श्री हंडिया, लंबी कूद में बसन्त हायर सेकेंडरी नयापुरा, 100 मी दौड़ बालिका वर्ग दीपिका पी एम श्री हंडिया व बालक वर्ग में मनोज हायर सेकेंडरी हंडिया, 400 मी बालिका वर्ग में राजनीति हायर सेकण्ड्री स्कूल मांगरोल व बालक वर्ग में बसंत हायर सेकेंडरी नयापुरा तथा तैराकी प्रतियोगिता में चिंटू हायर सेकण्ड्री स्कूल हंडिया ने स्थान प्राप्त किया।

सांसद खेल महोत्सव के तहत शुक्रवार को संकुल खेड़ा में खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, 200 और 400 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फाइनल मैच में सोनतलाई की कबड्डी टीम ने खेड़ा को हराकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया वही खो-खो में करणपुरा की टीम विजय रही।

## तैराकों ने संभागीय तैराकी में जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक



**खंडवा।** इंदौर के तर्नपुष्कर स्विमिंग पूल पर आज संभागीय तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें खंडवा जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। लहरों के राजा तैराकी संघ के खिलाड़ी कृष्णा रघुवंशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं प्रतीक्षा तिवारी और प्राची सोनी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर रजत पदक जीते। इसी क्रम में ओजस्व रघुवंशी और अथर्व जायसवाल ने उम्दा तैराकी करते हुए कांस्य पदक हासिल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रतीक्षा तिवारी, प्राची सोनी और कृष्णा रघुवंशी का चयन आगामी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कुछ माह बाद भोपाल में आयोजित की जाएगी। इन उपलब्धियों से खंडवा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। खिलाड़ियों के माता-पिता, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने बच्चों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया है।